हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

9 धरनारत पटवारियों ने उठाई वेतन विसंगति दूर करने की मांग



10 संयुक्त विजेता बने लोवा खुर्द और नूना माजरा



## खबर संक्षेप

### जिला कारावास में बंद एक व्यक्ति की मौत

**झज्जर।** माछरौली थाना क्षेत्र में दर्ज मामले के कारण जिला कारावास में बंद एक व्यक्ति की बीमारी के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेहती गांव निवासी अमित पुत्र धनपत के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि करीब 45 वर्षीय अमित बीते अक्टूबर माह से जिला कारावास में बंद था। वह पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज बाढ़सा स्थित एम्स संस्थान में चल रहा था। रविवार को तबीयत बिगड़ने के कारण उसे स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी के साथ चिकित्सीय बोर्ड द्वारा किया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सकारात्मक संकल्प से मिलेगी सफलता

**बहादुरगढ़।** सोमवार को शहर के दयानंद नगर में एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मोटिवेटर ज्योति कुमारी ने कहा कि यदि युवा अपने संकल्पों को सही एवं सकारात्मक दिशा देते हुए आगे बढ़ना सीख लें तो सफलता कदम चूमेगी। पारिवारिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक जीवन में आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं का समाधान मानसिक स्थिति पर निर्भर है। उनके अनुसार संकल्प जीवन परिवर्तन का आधार है। यदि संकल्प बदल लें तो जीवन बदल जाएगा। शक्तिशाली संकल्प शक्तिशाली परिस्थितियों का निर्माण करते हैं।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड नहर पर वेद अस्पताल के साथ से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद करने के साथ ही पुलिस ने चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, सत्यनारायण निवासी देव नगर की मोटरसाइकिल 26 जनवरी की रात चोरी हुई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शिवम निवासी भागलपुरी बेरी को काबू किया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई।

# शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी संस्कारम यूनिवर्सिटी : राज्यपाल

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पादौदा में संस्कारम यूनिवर्सिटी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को क्षेत्र के गांव पादौदा में संस्कारम यूनिवर्सिटी का शुभारंभ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़, गुरुग्राम के आयुक्त आर सी बिढ़ान, डीसी कैप्टन शक्ति सिंह, लुवास के वाइस चांसलर डॉ. गुरदयाल सिंह, मीरपुर विवि के वीसी डॉक्टर जेपी यादव सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उच्च शिक्षा के संस्थान मंजूर कर ग्रामीण आंचल में भी विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया करवा रही है।

- **संस्कारम यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉक्टर महिपाल यादव और निदेशक अजीत सिंह ने किया स्वागत**







झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल। फोटो : हरिभूमि

आज नव स्थापित विवि भी ग्रामीण आंचल में खुला है। उन्होंने कहा कि जिला झज्जर में शिक्षा के क्षेत्र में संस्कारम यूनिवर्सिटी की स्थापना होना यहां के क्षेत्र के लिए एक मिल पत्थर साबित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह विवि दुनिया भर में आदर्श के नए आयाम स्थापित करेगा। यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास,चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के लिए सर्वोत्तम मंच प्रदान करेगी।

### पीएम मोदी के विजन को साकार करेगी

शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि नवस्थापित विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पीएम मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में सार्थक भूमिका निभाएगा। संस्कारम संस्थानों ने शिक्षा के क्षेत्र में पहले भी अपनी भूमिका को अच्छे निभाया है। पशुओं की नस्ल सुधार में संस्कारम वेटेनरी कॉलेज ने अच्छा कार्य किया है। इनके पशुओं के सीमन की गुणवत्ता की पूरे देश में अलग पहचान स्थापित हुई है। उच्च, तकनीक और मैडिकल की शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्कारम यूनिवर्सिटी अच्छा कार्य करेगी।

### संस्कारम का लक्ष्य-वन वर्ल्ड वन हेल्थ

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम ने लक्ष्य दिया है वन वर्ल्ड वन हेल्थ जहां हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर जैसी अन्य सुविधाएं मानव कल्याण के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। पशुओं के लिए भी आइवीएफ सेंटर व अस्पताल स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने के लिए आयुर्वेदिक हॉस्पिटल जो मनुष्य को प्राकृतिक उपचार प्रदान करता है । इस अवसर पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, अजीत निदेशक संस्कारम ग्रुप, सुनील कादियान, सुमन निदेशक संस्कारम, ठाकुर हुकुम सिंह, रामअवतार प्रधान यादव सभा, वीरेंद्र दरोगा, सुभाष गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# साढ़े चार साल बाद 2.14 करोड़ में बनेगा परशुराम मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की सब्जी मंडी के साथ लगते परशुराम मार्ग की सरकार ने साढ़े 4 साल बाद सुध ली है। झज्जर चुंगी से नहर तक 2 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण होगा। सोमवार को पूर्व विधायक नरेश कौशिक व चेयरपर्सन सरोज राठी ने पार्षदों व अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। बता दें कि सेक्टर-6/7 को पुराने शहर से जोड़ने वाले परशुराम मार्ग की हालत बेहद खस्ताहाल बनी हुई थी। करीब साढ़े 4 साल पहले चुनावों से पहले यह सड़क बनी थी। लेकिन कुछ ही दिन में यह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। शहर के लोगों द्वारा लगातार इसे बनाने की मांग की जा रही थी। अब नगर परिषद की ओर से झज्जर चुंगी से लेकर सेक्टर-7 बहादुरगढ़ माइनर तक 2 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से सीसी की सड़क बनाई जाएगी। ईओ संजय रोहिल्ला, एमई राजेश, जेई संदीप आदि ने बताया कि यह कार्य पूरा करने की समयावधि 6 माह है, लेकिन उससे पहले ही यह सड़क बनवा दी जाएगी। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने संबंधित ठेकेदार व नप अधिकारियों को से निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर पूरा ध्यान देने की हिदायत दी। चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार शहर में चहुंमुखी विकास कार्यों को गति दी जा रही है। जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, सचेत कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा, पार्षद अश्विनी शर्मर, ज्योति पवन रोहिल्ला, प्रवीण सोनू, राजेश तंवर, अनिल सिंघल, नरेश भारद्वाज, विजय आसीवाल व अमित कौशिक आदि मौजूद रहे।

- **पूर्व विधायक नरेश कौशिक व चेयरपर्सन सरोज राठी ने अधिकारियों व पार्षदों की मौजूदगी में किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ**



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ करते नरेश कौशिक, सरोज राठी व अन्य।

# एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने देर रात नाकों का किया निरीक्षण

## पुलिस जवानों को ड्यूटी निष्ठा से करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार देर रात एसपी डॉक्टर अर्पित जैन जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़कों पर उतरे। उन्होंने जिला भर में लगाए गए नाकों का औचक निरीक्षण किया, वहीं राइडर व पीसीआर को भी चैक किया। इसके अलावा गश्त पार्टियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को अपनी ड्यूटी पूरी सतर्कता व निष्ठा से करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा जिला भर में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नाकों पर संदिग्ध वाहनों तथा व्यक्तियों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने तथा वांटेड अपराधियों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चला रही है।



झज्जर। नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसपी डॉक्टर अर्पित जैन। फोटो : हरिभूमि

# कांस्य पदक विजेता दिशा व रजत का किया स्वागत

## राजस्थान के श्री गंगानगर में हुई 11वीं जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजस्थान के श्री गंगानगर में हुई 11वीं जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लौटी बराही गांव की दिशा तथा रजत का बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने पदक विजेता खिलाड़ी दिशा और रजत के साथ उनके कोच विजेंद्र सिंह का फूलों व नोटों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर ने सोमवार को गांव बराही के पदक विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दिशा और रजत को इसी प्रकार भविष्य में भी मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

छिल्लर ने कहा कि गांव बराही की मिट्टी से निकले खिलाड़ी आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। उनका निजी प्रयास भी रहता है कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को सरकार के माध्यम तथा अपनी तरफ से हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।



बहादुरगढ़। दिशा व रजत को स्वागत के बाद आशीर्वाद देते नेता रविंद्र छिल्लर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# दिनभर खिली धूप, पार्कों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला। करीब दोपहर से सांय तक आसमान में हल्की धूप खिली रही। जिसके कारण पार्कों में खूब रौनक रही। छोटे बच्चों ने जहां पार्कों में झूलों का आनंद लिया। वहीं युवा क्रिकेट, फुटबाल व कंचे खेलते हुए दिखाई दिए। इसके अलावा बुजुर्ग महिलाओं ने पार्कों में भजन गाकर अपना समय व्यतीत किया। उधर, धूप निकलने का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा। बाजार में लोगों की खासी भीड़ रही और उन्होंने जमकर खरीददारी की। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ मंगलवार को मौसम साफ रहने, वहीं आगामी दिनों में हल्की बारिश होने का अनुमान लगा रहे है।



झज्जर। धूप निकलने के बाद पार्क में कंचे खेलते हुए बालक। फोटो : हरिभूमि

# अमित ने दिया आमिर की बेटी को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बीते दिनों बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी इरा की शादी में भाग लेने के लिए बहादुरगढ़ से अमित खत्री भी मुंबई गए थे। आमिर खान ने बहादुरगढ़ निवासी अमित खत्री को विशेष रूप से अपनी बेटी की शादी में आमंत्रित किया था। बड़े फिल्मी सितारों तथा नामचीन हस्तियों के साथ ही अमित खत्री ने भी विवाह समारोह में भाग लेकर आमिर की बेटी को आशीर्वाद दिया।



बहादुरगढ़। आमिर खान की बेटी के विवाह में शामिल होते अमित खत्री।

# परमिंद्र बने भाजपा आईटी सैल के जिला प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा से विमर्श उपरांत आईटी सैल का पुनर्गठन किया गया है। परमिंदर जांगड़ा को फिर से झज्जर जिले का आईटी सैल प्रमुख बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए मेहनत कर रहा है।



बहादुरगढ़। राजपाल शर्मा का आभार जताते परमिंद्र जांगड़ा।

## पार्क और ग्रीन बेल्ट की जिम्मेदारी संभाल रही संस्थाएं

# पार्क में बोर्ड तो लगे मगर मोबाइल नंबर गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मनोहर सरकार की नीति अनुसार एनजीओ और आरडब्ल्यूए को शहर के पार्कों की रखरखाव का जिम्मा सौंपा गया था। बहादुरगढ़ के लगभग पांच दर्जन पार्क और ग्रीन बेल्ट की जिम्मेदारी संभाल रही संस्थाओं ने सरकारी हिदायत अनुसार पार्कों में सूचना बोर्ड तो लगा दिए, लेकिन इन पर संपर्क सूत्र नहीं लिखा गया। जिस कारण स्थानीय नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है।

बता दें कि सेक्टर-9 व 9ए के दस पार्क ओलीवैल फेडरेशन बहादुरगढ़, सेक्टर-7 के पांच पार्क एमआर एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी बहादुरगढ़, देवीलाल पार्क सेवा भाव ट्रस्ट हिसार, सेक्टर-6 के पांच पार्क आरडब्ल्यूए सेक्टर-6, जबकि इसी सेक्टर के अन्य छह पार्क रिसालो देवी फाउंडेशन को दिए गए हैं।





बहादुरगढ़। रेलवे पार्क में लगे बोर्ड पर गायब मोबाइल नंबर। फोटो : हरिभूमि

### इनको मिली है जिम्मेदारी

इसी तरह रेलवे के वार्ड-1 से तीन तक के लगते हिस्से ऋषि दयानंद सेवा समिति और चार से छह तक के इंडपेथ विजन फाउंडेशन को सौंपे गए हैं। वेदांत नगर वाला पार्क एमआर एजुकेशन वेलफेयर, अग्रसेन पार्क निस्ट (एनआईएसटी) ग्लोबल फाउंडेशन, इंदिरा पार्क एमआर एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी, वीर सावरकर पार्क फ्रेंड्स कॉलोनी जन कल्याण समिति तथा भगत सिंह पार्क व शहीदी पार्क का जिम्मा भगत सिंह मैत्री संस्था को मिला है। पालिका कॉलोनी के दोनों और किले मोहल्ले का बतरा पार्क भी एमआर एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी को दिया गया है। बादली रोड पर अंबेडकर स्टेडियम के साथ लगता पार्क व तिकोना पार्क मेला ग्राउंड एनआईएसटी (निस्ट) फाउंडेशन को मिले हैं। रोहतक रोड पर सरकारी अस्पताल के निकट लगात पार्क क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन बहादुरगढ़, सेक्टर-2 के दस पार्क आरडब्ल्यूए सेक्टर-2, सेक्टर-2 व छह की डिवाइडिंग रोड वाली ग्रीन बेल्ट तथा वाटर वर्क्स के सामने वाली ग्रीन बेल्ट निस्ट ग्लोबल को दी गई है। सेक्टर-9 व 9ए की ग्रीन बेल्ट-एमडीएन पार्क ओलीवैल फेडरेशन तथा टाउन पार्क एमआर एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी को दिया गया है।

# वित्त मंत्री से की जीएसटी में छूट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेज मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने करीब सवा 4 साले पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर सीपीसी कैंटीन में उपलब्ध सामान पर लगने वाले जीएसटी में छूट की मांग की थी। अब तक अधूरी पड़ी इस मांग को पूरा करने के लिए एक बार फिर आवाज उठाई गई है।

- **सेंट्रल पुलिस कैंटीन पैरामिलिट्री परिवारों को मिलने वाले सामान पर पर जीएसटी टैक्स में रियायत देने की मांग**

दरअसल, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों व उनके परिवारों को लिए 26 सितंबर 2006 को सेंट्रल पुलिस कैंटीन ( सीपीसी) की स्थापना की गई थी। ताकि जवानों को बाजार भाव से सस्ता घरेलू सामान मुहैया कराया जा सके। बाद में इसका नाम बदलकर केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार कर दिया गया। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह के अनुसार केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 20 लाख जवानों व उनके परिवारों का घरेलू बजट इस जीएसटी के कारण गड़बड़ा जाता है। देश में करीब 119 मास्टर कैंटीन व 1778 सीपीसी कैंटीन के माध्यम से जवानों को घरेलू व जरूरती वस्तुएं उपलब्ध होती हैं। जीएसटी के लागू होने से पहले हरियाणा समेत अधिकांश राज्यों द्वारा सीपीसी कैंटीन में मिलने वाली वस्तुओं पर वैट में छूट दी गई थी। उनके प्रतिनिधिमंडल ने 14 नवंबर 2019 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में मुलाकात कर सीपीसी कैंटीन पर 50 प्रतिशत जीएसटी छूट की मांग की थी। लेकिन सवा साल बीतने के बाद भी कोई छूट नहीं दी गई। जिसके कारण लाखों पैरामिलिट्री परिवारों में रोष व्याप्त है।



बहादुरगढ़। केंद्रीय वित्त मंत्री से प्रतिनिधिमंडल की चर्चा का फाइल फोटो।

# हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

## प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।



**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। ❀

### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी। ❀



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

## जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें-समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों। ❀

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

## सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:**अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।


**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं। ❀

**( सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

## पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक



केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें। ❀

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री के बाहर खड़ी बाइक चोरी

बहादुरगढ़। चार दिन पहले शहर की एक फैक्ट्री में आए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। दरअसल, मूल रूप से बिहार निवासी विष्णु शाह दिल्ली के पूठकलां में रहता है। उसने 25 जनवरी को अपनी बाइक फैक्ट्री नंबर 31/4 के बाहर खड़ी की थी। जब शाम को वह बाहर निकला तो बाइक गायब थी।

### डाबोदा खुर्द से भैंस और कटड़ा चोरी

बहादुरगढ़। गांव डाबोदा खुर्द में घर में बंदी दो भैंस व एक कटड़ा चोरी हो गया। डाबोदा खुर्द निवासी सतेंद्र ने रविवार की रात अपने घेर में अपनी दो भैंस व एक काटड़ा बांधकर घर चला गया था। लेकिन सोमवार सुबह करीब 4 बजे वहां भैंस व कटड़े नहीं मिले।

### केएमपी पर एक गाड़ी गाड़ी में दो बैल बरामद

**बहादुरगढ़।** केएमपी पर एक गाड़ी में दो बैल भरकर ले जा रहे थे। राहगीरों ने उस गाड़ी को पकड़ा और पुलिस में शिकायत दी। दरअसल, ढांसा बॉर्डर निवासी भूपेंद्र और जौहरी नगर निवासी उसका मित्र नितिन अपनी बोलेरो कैंपर में सवार होकर बहादुरगढ़ से गुरुग्राम जा रहे थे। केएमपी पर बादली टोल के नजदीक एक गाड़ी से गोबर निकलता दिखा। उन्होंने इशारा करके गाड़ी रुकवाई। उसमें दो बैल थे।

### पडोसी पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**झज्जर।** बेरी निवासी व्यक्ति ने अपने पड़ौसी पर चार युवकों को साथ लेकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत नवीन बंसल ने बताया कि वह देवी गली में रहता है और अपने मकान के दोनों तरफ पिल्लर खड़े करवा रहा है। आरोप है कि रामरतन ने अपने चार साथियों के साथ पहुंच कर उसे थप्पड़ मारा तथा उसके साथ पहुंचे अन्य चार युवकों ने उसके कपडे. फाड़ते हुए उसके साथ मारपीट की। उसके परिवार वालों के पहुंचने पर वे सभी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

---

### नूना माजरा में हुई फुटबॉल प्रतियोगिता

# संयुक्त विजेता बने लोवा खुर्द और नूना माजरा

- 30वीं बार मुख्य अतिथि बने राजेश जून ने दिया 71 हजार रुपये का पहला इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा के शहीद राजेश स्टेडियम में आयोजित 48वीं पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता में 36 टीमों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए लोवा खुर्द और नूना माजरा की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। लेकिन आपसी भाईचारे को देखते हुए दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया गया। मुख्य अतिथि राजेश जून ने खिलाड़ियों को 71 हजार रुपए का पहला इनाम दिया।

प्रतियोगिता में राजेश जून लगातार तीसवीं बार पहला इनाम देने पहुंचे थे। आयोजन समिति और ग्रामीणों ने उनका स्वागत-सम्मान किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए राजेश जून ने कहा कि खेलों से आपस में भाईचारा बढ़ता है। स्वच्छ प्रतिस्पर्धा से जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं से नशे, अपराध व बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। नूना माजरा ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 36 टीमों के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। फाइनल मैच में पहुंची लोवा खुर्द और नूना माजरा की टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। राजेश जून ने पहला इनाम 71 हजार रुपए देने के साथ ही आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए 20 हजार रुपए का अतिरिक्त योगदान दिया।


बहादुरगढ़। फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

---

# प्रवीण राठी के घर पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला


बहादुरगढ़। प्रवीण राठी के साथ चर्चा करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। फोटो : हरिभूमि


- उपमुख्यमंत्री ने जजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठन मजबूत करने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सोमवार को जजपा के शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण राठी के निवास पर जलपान करने पहुंचे। यहां उन्होंने काफी देर तक कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए विमर्श किया। इसके अलावा उन्होंने लाइनपार व सेक्टर-6 में आयोजित विवाह समारोहों में भी शिरकत की। सोमवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अपने पुराने साथी एवं पूर्व पार्षद प्रवीण राठी के लाइनपार स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही स्थानीय राजनीति को लेकर जानकारी हासिल की। इसके बाद दुष्यंत चौटाला ने इनसो के प्रदेश महासचिव सचिन दूहन की बहन के विवाह समारोह में भाग लेकर परिजनों को बधाई दी। इसके बाद सेक्टर-6 में प्रियांशु अहलावत की बहन के विवाह की शुभकामनाएं देने सेक्टर-6 स्थित उनके निवास पर पहुंचे। इस दौरान जिला पार्षद संजय दलाल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री रविवार 4 फरवरी को क्षेत्र के गांव आसौदा व जसोर खेड़ी में आएंगे। वहां ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनेंगे। इस मौके पर जिला प्रधान संजय कबलाना, जिप के वाइस चेयरमैन मास्टर राजीव, दिलबाग सिंह, धर्मबीर फौजी, पूर्व पार्षद राजू दलाल, अमर सिंह, सुभाष बागड़ी, उधम दलाल, ओमप्रकाश मलिक, अजय दलाल व लवप्रीत आदि मौजूद थे।

---

### वेटरन तटरक्षकों ने यादों को किया ताजा



**बहादुरगढ़।** 48वें भारतीय तटरक्षक (कोस्ट गार्ड) दिवस पर वेटरन तटरक्षकों का पहला मिलन समारोह रेवाड़ी में आयोजित किया गया। सबसे पहले सभी वेटरन ने अपने दिवंगत साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सेवा के दौरान बिताए लम्हों को याद किया। सेवा के बाद समाज सुधार की गतिविधियों पर चर्चा की। आयोजन में वेटरन राजकुमार यादव, कंवल सिंह, ताराचंद, पंकज यादव, अनिरुद्ध शर्मा, सतीश भारद्वाज व जलदेव सिंधू ने अहम भूमिका निभाई। विभिन्न प्रांतों से लगभग 180 वेटरन इसमें शामिल हुए। मंच संचालन मुरारी सिंह तंवर ने किया। व्हील चेयर पर आए वेटरन परविंद्र कुमार ने सभी में ऊर्जा का संचार किया। वेटरन बलवान सिंह, मंगल सिंह नरूका, रामकंवर, चेन्नई से शन्मुगम, बैंगलोर से जीके झा और नागपुर से पीएम सतदेव आदि को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया गया। ओम सिंह राणा ने निजी जीवन में आ रही कठिनाइयों का उचित समय पर निवारण करने को लेकर सुझाव दिए। नरपत सिंह राठौड़, ओमप्रकाश नारंग, सुब्रमनियम व अजय तंवर आदि ने भी बहुमूल्य सुझाव दिए।

---

# जाखौदा में 16.31 लाख में बनी गली का उद्घाटन

**विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत निर्मित गली को विधायक राजेंद्र जून ने किया आमजन को समर्पित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जाखोदा गांव में विधायक राजेंद्र सिंह जून ने नवनिर्मित गली को नारियल फोड़कर आमजन को समर्पित किया। जून के अनुसार विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत 16 लाख 31 हजार रुपए की लागत से फिरनी से कपूरे के मकान तक यह गली बनाई गई है। ग्रामीणों ने इसके लिए उनका आभार जताया।

विधायक राजेंद्र जून ने बताया कि ग्रामवासियों ने इस गली को बनाने की मांग उनके समक्ष रखी थी। आमजन को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए गली का निर्माण कार्य विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, ग्राम सरपंच राजबीर दलाल, मेंबर महेंद्र, मनजीत दलाल, सुरेश दलाल, श्रवण, राजू, रामकंवार, सुखबीर, कप्तान सुरेश व धीरज जून आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर गली का उद्घाटन करते विधायक राजेंद्र जून व अन्य।

---

### अग्निवीर वायु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। ऑनलाइन पंजीकरण छह फरवरी तक किए जा सकते हैं। जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से होगी। पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं।

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट
जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान

डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
दिल्ली रोजाना मिलें 11 से 5 बजे तक
रोहतक रोड, पिल्लर नं. 373 के सामने, नांगलोई
रोहतक दिल्ली रोड, निकट राज सिनेमा, बैसमेंट के अंदर। 10 से 8 बजे तक

